हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 24 जुलाई 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

07 तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन चचेरे भाइयों...



08 सड़े गले फल सब्जियों का मंडी परिसर में लगा ढेर...



## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 316.6 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर ।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 316.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 41.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में भानपुरा में 18.2 मि.मी., भावगढ़ में 43.0 मि.मी., गरोठ में 34.4 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 58.0 मि.मी., संजीत में 19.0 मि.मी., धुंधड़का में 80.0 मि.मी., मंदसौर में 82.0 मि.मी., शामगढ़ में 8.6 मि.मी., कयामपुर में 29.0 मि.मी., सीतामऊ में 31.2 मि.मी. एवं सुवासरा में 49.5 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केन्द्र भानपुरा में 294.2 मि.मी., भावगढ़ में 325.0 मि.मी., गरोठ में 253.8 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 346.0 मि.मी., संजीत में 246.0 मि.मी., धुधंड़का में 419.0 मि.मी., मंदसौर में 329.0 मि.मी., शामगढ़ में 307.0 मि.मी., कयामपुर में 301.5 मि.मी., सीतामऊ में 333.8 मि.मी. एवं सुवासरा में 327.7 मि.मी., औसत वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1298.44 फीट है।

### जिले में अब तक औसत 381.4 मि.मी वर्षा दर्ज

**नलखेड़ा।** आगर मालवा जिले में वर्तमान वर्षाकाल में 1 जून से 23 जुलाई 2026 की प्रातः 8:00 बजे तक औसत 381.4 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है, गत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत 254.9 मि.मी वर्षा हुई थी । जिले में चालू वर्ष वर्षाकाल में अब तक आगर में 392 मि.मी, बड़ोद में 242, नलखेड़ा में 481 सोयतकलां में 402, सुसनेर में 390 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष अब तक जिले में कुल 1907 मि.मी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। गत वर्ष कुल 1274.5 मि.मी वर्षा दर्ज हुई थी, गत वर्ष आगर में 160, बड़ोद में 295, नलखेड़ा में 217, सोयतकलां में 305.5 एवं सुसनेर में 297 मि.मी वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 23 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे तक औसत 17.2 मि.मी वर्षा रिकार्ड की गई है, जबकि जिले मे कुल वर्षा 86 मि.मी हुई है। आगर में 24.0 मि.मी बड़ोद में 7.0 मि.मी नलखेड़ा में 17.0 सोयतकलां में 11.0 एवं सुसनेर में 27 मि.मी वर्षा 24 घंटे में दर्ज की गई है।

### तिलक व चंद्रशेखर की जयंती पर व्याख्यान

**दलोदा/मंदसौर।** शासकीय महाविद्यालय दलोदा स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में महान स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक एवं अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एल. आर्य के निर्देशन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में दोनों स्वतंत्रता सेनानियों के राष्ट्र निर्माण में दिए योगदान को शिद्दत से याद किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. रत्नेश बैरागी ने दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन चरित्र, राष्ट्र-निर्माण में उनके अमूल्य योगदान और क्रांतिकारी विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि तिलक जी का 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा और चंद्रशेखर आजाद का अटूट देशभक्ति का जज्बा आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है। उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही हम अपने देश को प्रगति के नए शिखरों पर ले जा सकते हैं वहीं प्रकोष्ठ प्रभारी मेनाज बी ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन संघर्षों से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही डॉ. गजराज पंड्या, प्रो. सूरज सिंह राठौर एवं प्रो. अब्दुल आमिर खान ने भी अपने सारगर्भित विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रज्जाक मेवा फरोश द्वारा किया गया, जिन्होंने दोनों नायकों के जीवन प्रसंगों को रेखांकित करते हुए अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर प्रो. गोविंद कुमार राठौर, डॉ.रामधन मीणा , प्रो. भावना पाटीदार आदि रहे मौजूद।

## शाखा प्रबंधक की वेतन वृद्धि रोकने की अनुशंसा
# अनियमितता करने वाले तीन वेयरहाउसों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्वाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने गेहूं उपार्जन कार्य में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर सीहोर जिले के गौर वेयरहाउस, बद्रीनाथ वेयरहाउस और प्रेम इंफ्रास्ट्रक्चर वेयरहाउस को ब्लैकलिस्ट करने के लिए मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक को पत्र लिखा है।

उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल से 28 मई तक किया गया था। चरनाल सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत वनखेड़ा-चरनाल स्थित गौर वेयरहाउस को उपार्जन केंद्र बनाया गया था। जांच प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2026-27 के भौतिक सत्यापन के दौरान गौर वेयरहाउस में 96,019 गेहूं की बोरियां भंडारित पाई गईं। वहीं समीप स्थित बद्रीनाथ वेयरहाउस, जिसे उपार्जन केंद्र स्वीकृत नहीं किया गया था, उसमें बिना अनुमति के 5,630 गेहूं की बोरियां अवैध रूप से भंडारित मिलीं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में भी बद्रीनाथ वेयरहाउस पर उपार्जन कार्य में लापरवाही पाए जाने के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी, जिसके चलते उसे इस वर्ष उपार्जन केंद्र नहीं बनाया गया था। जांच के दौरान दोनों गोदामों में कुल 1,01,649 बोरियां पाई गईं, जो उपार्जन केंद्र की स्लॉट बुकिंग क्षमता से अधिक थीं। इसके अतिरिक्त गौर वेयरहाउस में आगामी तिथियों में स्लॉट बुक कराने वाले किसानों का 3,257.50 क्विंटल गेहूं पूर्व में ही खरीदकर भंडारित कर लिया गया था। इन अनियमितताओं के संबंध में दोनों गोदाम संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, लेकिन उनके जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए।इन अनियमितताओं पर कलेक्टर बालागुरू के. ने मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक को पत्र लिखकर गौर वेयरहाउस को एक वर्ष तथा बद्रीनाथ वेयरहाउस को तीन वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट किए जाने की अनुशंसा की है।

### प्रेम इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी ब्लैकलिस्ट करने की अनुशंसा

कलेक्टर बालागुरू के. ने गेहूं उपार्जन कार्य में लापरवाही पाए जाने पर मूंदीखेड़ी स्थित प्रेम इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी आगामी एक वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट किए जाने की अनुशंसा करते हुए मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक को पत्र लिखा है। जांच में पाया गया कि गोदाम के सभी आठ शटर क्षतिग्रस्त हैं तथा गोदाम में स्क्रैप एवं अनुपयोगी सामग्री रखी हुई थी। इससे उपार्जित गेंहू के चोरी होने की संभावना बनी हुई है। इसके साथ ही स्क्रैप न हटने के कारण खरीदी कार्य भी प्रभावित हुआ। पूर्व में सुधार के निर्देश दिए जाने के बावजूद आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं की गईं। कारण बताओ नोटिस के जवाब को भी संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए गोदाम को एक वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट किए जाने की अनुशंसा की है।

### प्रभावी नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण नहीं किया गया

कलेक्टर बालागुरू के. ने एमपीडब्ल्यूएलसी, श्यामपुर की शाखा प्रबंधक दीप्ति सिंह की एक वेतन वृद्धि रोकने के लिए भी प्रबंध संचालक को पत्र लिखा है। जांच में पाया गया कि शाखा प्रबंधक द्वारा प्रभावी नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण नहीं किया गया, जिसके कारण उपार्जन केंद्र के रूप में स्वीकृत न किए गए गोदाम में गेहूं का अवैध भंडारण कराया गया। साथ ही गोदाम संचालक के साथ मिलीभगत की भी पुष्टि हुई। शाखा प्रबंधक को जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब भी संतोषजनक नहीं पाया गया। इस आधार पर कलेक्टर ने उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए एक वेतन वृद्धि रोकने की अनुशंसा की है।

## नगर परिषद में स्वच्छता कार्यशाला आयोजित

**शामगढ़।** नपा अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव की मुख्य अध्यक्षता में आज शामगढ़ नगर परिषद कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वच्छता कार्यशाला के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर उपस्थित स्वछता कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए। आपने सभी को बताया कि घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करना एवं उनका वर्गीकरण करना कचरा बाहर फेंकने वालों को समझाइए देना गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग-अलग रखकर निकाय की गाड़ी में डालना बड़ी मात्रा में कचरा फेंकने वाली जगह को चिन्हित करना शासन की गाइडलाइन के अनुसार सभी को स्वच्छता रखने के दिशा निर्देश देना। नपा अध्यक्ष ने सफाई व्यवस्थाओं में कोताही नहीं बरतने का सभी स्वच्छता कर्मचारियों को निर्देश दिए एवं नगर में गंदगी फैलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश व चलानी कार्यवाही के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव उपाध्यक्ष डाली बाई जोशी सीएमओ सुरेश कुमार यादव सभापति कृष्णा परक्या एल्डरमैन व नपा कर्मचारी स्वच्छता कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## समन्वयक एवं जनशिक्षक पद के लिए 31 जुलाई तक आवेदन करें

**मंदसौर।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिला शिक्षा केंद्र मंदसौर के अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र मंदसौर, सीतामऊ, गरोठ, भानपुरा एवं मल्हारगढ़ में विकासखंड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षको के पदों की पूर्ति अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार सेवाए ली जानी है। इस हेतु 31 जुलाई 2026 को सायं 5 बजे तक इच्छुक उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक जिनकी आयु 52 वर्ष से अधिक न हो तथा कोई विभागीय जांच, अपराधिक प्रकरण एवं लंबे समय से लगातार अनुपस्थिति की शिकायत प्रचलित न हो वे निर्धारित प्रारूप में नियत तिथि एवं समय में अपने आवेदन जनपद शिक्षा केंद्र में जमा करा सकते है। विकासखंड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षक पद हेतु निर्धारित आवेदन प्रारूप जिला शिक्षा केंद्र मंदसौर से या जिले के समस्त संकुल प्राचार्य एवं जनपद शिक्षा केन्द्रों से प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र मंदसौर में संपर्क कर सकते है।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 27 को

**नलखेड़ा।** शासन के निर्देशानुसार जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 27 जुलाई , सोमवार को समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों, विशेषकर जल निगम की कुण्डालिया डेम आधारित समूह जलप्रदाय योजना एवं जिले की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर कार्यों के प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है।

## पार्षद सुनील बंसल ने की मांग
# नपा सफाई और विद्युत कर्मियों को तुरंत बरसाती उपलब्ध कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



सफाई कर्मियों एवं विद्युत कर्मचारियों को नगर पालिका बरसाती मुहैया कराए और उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखे। यह मांग पार्षद सुनील बंसल ने एक वक्तव्य के माध्यम से उठाई है। बंसल ने नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, स्वास्थ्य समिति की सभापति श्रीमती दीपमाला मकवाना एवं सीएमओ को पत्र लिखकर यह मांग की है कि बारिश का दौर पुनः शुरू हुआ है। हमारे सफाई कर्मी सुबह 6 बजे से लेकर 11 बजे तक और दिन में 2 से 5 बजे तक काम करते हैं। क्योंकि बारिश होने की वजह से भी उन्हें काम करना पड़ता है, साथ ही विद्युत विभाग के कर्मचारियों को भी लगातार कम-ज्यादा बारिश में भी काम करना ही पड़ता है। इन दोनों विभागों के कर्मचारी और जो फील्ड में काम करने वाले और भी कर्मचारी हैं, उन सभी को तत्काल प्रभाव से बरसाती एवं जूते उपलब्ध कराए जाएँ ताकि ये लोग व्यवस्थित रूप से बारिश में भी अपना काम कर सकें। गीले होने की वजह से बीमारियों से बचाने हेतु नगर पालिका के उक्त दोनों विभागों और जो फील्ड में काम करने वाले कर्मचारी हैं, उनको बरसाती तुरंत प्रभाव से उपलब्ध कराने के आदेश जारी करें।

## किसान मोहनलाल पाटीदार की फूलों की खेती का किया अवलोकन
# संभागायुक्त आशीष सिंह ने नलखेड़ा में लखुंदर नदी पर प्रस्तावित ब्रिज स्थल का किया निरीक्षण

### ईंट भट्टों की भूमि का देवी लोक कार्यों में बेहतर उपयोग के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



उज्जैन राजस्व संभाग के संभागायुक्त आशीष सिंह ने बुधवार को आगर जिले के नलखेड़ा प्रवास के दौरान मां बगलामुखी देवी लोक के अंतर्गत प्रस्तावित निर्माण कार्यों का जायजा लिया। संभागायुक्त ने नलखेड़ा में लखुंदर नदी के किनारे स्थित ईंट भट्टों की भूमि का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस भूमि पर देवी लोक निर्माण के अंतर्गत वाहन पार्किंग एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु अन्य विकास कार्यों का प्रस्ताव तैयार किया जाए। संभागायुक्त ने कहा कि नलखेड़ा में उपलब्ध शासकीय एवं मंदिर की जमीन का आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए। संभागायुक्त ने नलखेड़ा में लखुंदर नदी पर देवी लोक निर्माण के अंतर्गत प्रस्तावित ब्रिज निर्माण स्थल का भी मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने ग्राम नलखेड़ा में किसान मोहनलाल पाटीदार द्वारा अपने खेत में की जा रही विभिन्न प्रजातियों के फूलों की खेती का अवलोकन किया। उन्होंने किसान से चर्चा कर खेत में लगाई गई प्रजातियों, फूलों से होने वाली आय आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। संभागायुक्त ने क्षेत्र के अन्य किसानों को प्रोत्साहित एवं प्रेरित कर क्लस्टर स्तर पर फूलों की विभिन्न प्रजातियों की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। किसान मोहनलाल पाटीदार ने कमिश्नर श्री सिंह, कलेक्टर यादव, पुलिस अधीक्षक श्री सोनी एवं अन्य अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी, कलेक्टर प्रीति यादव, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, कृषि, उद्यानिकी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिले के छात्रावासों में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण प्रारंभ

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग के निर्देश पर जिला जनजाति कार्य विभाग द्वारा उनके छात्रावास में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण प्रारंभ कर दिया गया है। 23 जुलाई से शुरू किए गए स्वास्थ्य परीक्षणों के अंतर्गत प्रथम दिवस 200 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। इसके पश्चात द्वितीय दिवस गुरुवार को 600 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला संयोजक अंगूरबाला भगोरा ने बताया कि जिले में 36 छात्रावास है। जिनमें से अब तक 16 छात्रावास में रहवासी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। शीघ्र ही शत प्रतिशत विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की ब्लड जांच, सिकल सेल, एनीमिया, बीपी एवं शुगर आदि जांच कार्य किए गए। मौसमी बीमारियों से बचाव एवं खान-पान के संबंध में आवश्यक सावधानियों की भी जानकारी दी गई।

## शासकीय महाविद्यालय में हुआ आयोजन
# चंद्रशेखर आजाद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत: डॉ. वीरेंद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



शासकीय महाविद्यालय सोयतकलां में स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार सोनी, स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक हर्षवर्धन राठौर तथा इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश पाटिल द्वारा शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ सोनी ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद का जीवन साहस, स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे महान क्रांतिकारियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक श्री राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹चंद्रशेखर आज़ाद ने हमें सिखाया कि साहस केवल हथियार उठाने में नहीं, बल्कि अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने में है। उन्होंने कभी अन्याय के सामने सिर नहीं झुकाया और अपने संकल्प को अंतिम क्षण तक निभाया। इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. पाटिल ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में चंद्रशेखर आज़ाद के क्रांतिकारी जीवन, अंग्रेजों के विरुद्ध उनके संघर्ष, अदम्य साहस तथा बलिदान का प्रेरणादायी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि आज़ाद का जीवन आज भी प्रत्येक भारतीय के लिए राष्ट्रप्रेम और आत्मसम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन धीरज कुमार शर्मा ने किया तथा अंत में मोहित राठौर ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## 3500 से अधिक को मिलेगा रोजगार
# आगर-मालवा प्रदेश का नया औद्योगिक हब बनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राज्य शासन की औद्योगिक नीति एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन के अनुरूप आगर-मालवा जिले में औद्योगिक विकास का नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। योजनाबद्ध तरीके से विकसित किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्रों के प्रति निवेशकों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिल रही है। एमपी इंडसट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन एमपीआईडीसी उज्जैन के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जिले के दो औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 394 औद्योगिक प्लॉट विकसित किए गए हैं। हाल ही में आयोजित बिडिंग प्रक्रिया में इन प्लॉट्स के लिए कुल 175 निवेशकों ने रुचि व्यक्त की है। शेष बचे प्लॉट्स के लिए पुनः बिडिंग प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।




### निवेश एवं रोजगार की संभावनाएं

दोनों औद्योगिक क्षेत्रों के पूर्ण रूप से विकसित होने पर जिले में लगभग 550 करोड़ रुपये के निवेश एवं 3500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होने का अनुमान है। इससे स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा बड़े शहरों की ओर पलायन में कमी आएगी। साथ ही परिवहन, होटल, खान-पान, मरम्मत एवं अन्य सेवा क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।




### आधुनिक अधोसंरचना और सुविधाएं

औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, विद्युत, जल प्रदाय, सीवरेज, सुरक्षा एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। राज्य शासन की मंशा है कि आगर-मालवा में लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योगों के साथ-साथ कृषि आधारित उद्योगों को भी प्रोत्साहित किया जाए, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। जिला प्रशासन द्वारा निवेशकों को एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से त्वरित स्वीकृतियां एवं भूमि आवंटन में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। स्थानीय उद्यमियों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए हैं। आगर-मालवा जिले का औद्योगिक विकास न केवल निवेश एवं रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा, बल्कि जिले को प्रदेश के विकास में अग्रणी भूमिका दिलाने में भी सहायक सिद्ध होगा। राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से आगर-मालवा शीघ्र ही प्रदेश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनकर उभरेगा। यह जानकारी एमपीआईडीसी उज्जैन कार्यालय से प्राप्त हुई है।

## खबर संक्षेप

### एचआईवी एवं टीबी की त्रैमासिक बैठक संपन्न

**देवास।** क्षेत्रीय संचालक डॉ. दीपक कुमार पिप्पल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक की अध्यक्षता में जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ. अमरीन शेख तथा जिला ए.आर.टी. नोडल अधिकारी डॉ. बी.आर. शुक्ला की उपस्थिति में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एचआईवी एवं टीबी की त्रैमासिक बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन एवं परियोजना संचालन के निर्देशानुसार मिशन एड्स सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विस्तृत चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई। डॉ. बेक ने निर्देशित किया कि सभी गर्भवती महिलाओं की प्रथम तिमाही में एच आई वी एवं सिफिलिस टेस्टिंग सुनिश्चित की जाए। सभी पीएल एच आई वी को ए.आर.टी. केंद्र से निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाए। बैठक में संभागीय कार्यालय से दिशा क्लस्टर अजय भावसार, शोभी गुप्ता, पी.डी. मनीष शर्मा, प्रेसिडेंट वर्षा निवासकार, सी.पी.एच.सी. सलाहकार नंदिनी भिलवारे, समस्त टीबी एवं आईसीटीसी स्टाफ, जिला ए.आर.टी. स्टाफ, अमलतास ए.आर.टी. एवं आईसीटीसी स्टाफ, जेल पी.सी., पी.सी. समग्र विहान स्टाफ तथा पी.एम. लक्ष्यगत परियोजना स्टाफ मौजूद रहे।

### देवशयनी एकादशी पर सजेगा दरबार

**देवास।** केला देवी स्थित गंगानगर के नवनिर्मित श्री श्याम हरिहर धाम मंदिर में 25 जुलाई, देवशयनी एकादशी के अवसर पर विविध धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए पूरे दिन विशेष दर्शन, अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। मंदिर समिति के दयाशंकर यादव एवं दिलीप शर्मा ने बताया कि देवशयनी एकादशी पर भगवान खाटू श्याम का आकर्षक एवं अलौकिक फूलों से श्रृंगार किया जाएगा तथा श्रद्धापूर्वक 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। रात्रि में महाआरती होगी।

### भाई के जन्मदिन के अगले दिन हादसे में बहन की मौत

# शिप्रा ब्रिज के पास हादसाः राखी से पहले उजड़ा परिवार, भाई बोला अब कलाई सूनी रहेगी

हादसे के बाद ट्रक चालक हुआ फरार, राखी से पहले हुई इस दर्दनाक घटना से परिवार पर टूट पड़ा दुखों का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बुधवार को जिस घर में बेटे का जन्मदिन हंसी-खुशी मनाया गया था, वहीं गुरुवार सुबह मातम पसर गया। राखी का त्योहार आने से पहले एक बहन हमेशा के लिए अपने भाइयों से बिछड़ गई। देवास के शिप्रा ब्रिज के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय नर्सिंग छात्रा सुमन की मौत हो गई, जबकि उसका भाई देवराज सिंह घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार, पीपलरावां निवासी देवराज सिंह अपनी छोटी बहन सुमन के साथ गुरुवार सुबह बाइक से इंदौर जा रहे थे। सुमन इंदौर के मूसाखेड़ी क्षेत्र में किराए के मकान में अपने दोनों भाइयों के साथ रहकर नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। वह दो-तीन दिन पहले गांव आई थी। बुधवार को परिवार ने देवराज का जन्मदिन मनाया था और गुरुवार सुबह दोनों भाई-बहन इंदौर लौट रहे थे। सुबह करीब 10 बजे जब उनकी बाइक देवास के शिप्रा ब्रिज के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए एक ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सुमन उछलकर ट्रक की बॉडी से टकराई और सड़क पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे देवराज सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके पैर में चोट आई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सुमन को मृत घोषित कर दिया। घायल देवराज का उपचार किया गया। औद्योगिक थाना पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि फरार वाहन और चालक का पता लगाया जा सके।



#### खुशियां अगले ही दिन मातम में बदलीं

परिवार के लिए यह हादसा किसी वज्रपात से कम नहीं था। बुधवार तक जिस घर में जन्मदिन की खुशियां थीं, गुरुवार को वहीं चीख-पुकार मच गई। सुमन के असमय निधन से पूरे गांव और परिजनों में शोक की लहर है। बताया जाता है कि वह पढ़ाई पूरी कर नर्स बनकर परिवार का सहारा बनना चाहती थी, लेकिन एक पल में उसके सभी सपने अधूरे रह गए।

#### अब राखी पर हमारी कलाई सूनी रहेगी

जिला अस्पताल का दृश्य बेहद मार्मिक था। घायल देवराज बार-बार अपनी बहन के शव के पास बैठकर उसे निहारते रहे। उनकी आंखों से लगातार आंसू बहते रहे। गमगीन आवाज में उन्होंने कहा, ₹कल ही मेरा जन्मदिन था, बहन ने हंसते हुए मुझे शुभकामनाएं दी थीं। अब राखी पर हमारी कलाई सूनी रहेगी।₹ भाई की यह बात सुनकर अस्पताल में मौजूद लोग भी भावुक हो गए। राखी से पहले हुई इस दर्दनाक घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

# अब गूगल फॉर्म से होगी कचरा जलाने और खुले में कचरा फेंकने वालों की निगरानी

### आयुक्त ने आईईसी संस्थाओं को दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम अब तकनीक का सहारा लेगा। वार्डों में खुले में कचरा फेंकने और कचरा जलाने की घटनाओं की जानकारी अब गूगल फॉर्म के माध्यम से एकत्र की जाएगी।

इसके आधार पर निगरानी और कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने निगम की सहयोगी आईईसी संस्थाओं के कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि वे वार्डवासियों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखने तथा मिश्रित कचरा कचरा वाहनों में नहीं डालने के लिए लगातार जागरूक करें। बैठक में बताया गया कि आईईसी संस्थाओं के कर्मचारी गली-मोहल्लों में लोगों को खुले में कचरा नहीं फेंकने, कचरा नहीं जलाने और घरों में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करने के लिए नए-नए नवाचारों के माध्यम से जागरूक कर रहे हैं। आयुक्त ने निगम की सहयोगी संस्थाओं ओम साईं विजन और फीडबैक फाउंडेशन द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की सराहना की। उन्होंने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से उनके कार्यों की समीक्षा भी की।

बैठक में शत-प्रतिशत कचरा संग्रहण एवं पृथक्कीकरण सुनिश्चित करने, जनजागरूकता कार्यक्रमों में तेजी लाने तथा वार्डों में खुले में कचरा डालने के स्थान (जीवीपी) और कचरा जलाने वाले स्थानों की रिपोर्ट गूगल फॉर्म के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही दोपहर की पाली में सफाई कर्मियों की उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, विश्वजीत सिंह, अरुण तोमर, विशाल जोशी सहित सहयोगी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर, टीम लीडर, सुपरवाइजर एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# घटिया पुलिया निर्माण के विरोध में ग्रामीणों का पीडब्ल्यूडी कार्यालय पर धरना, आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

क्षिप्रा क्षेत्र के ग्राम सुनवानी महाकाल के ग्रामीणों एवं भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी मंगलवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) कार्यालय पहुंचे। उन्होंने गांव में निर्माणाधीन तीन पुलियाओं की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मांगों को लेकर ग्रामीणों ने कार्यालय परिसर में धरना भी दिया। भारतीय किसान संघ के शेखर पटेल ने बताया कि गांव में पिछले करीब आठ माह से तीन पुलियाओं का निर्माण कार्य चल रहा है,



लेकिन शुरुआत से ही निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है। इस संबंध में कई बार अधिकारियों को मौखिक एवं लिखित शिकायतें दी गईं, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माणाधीन पुलियाओं में से एक पुलिया पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां निर्माण कार्य में पक्की मुरम का उपयोग किया जाना था, वहां मिट्टी डाल दी गई, जिससे निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हुई है और भविष्य में दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर लिखित आश्वासन दिया कि पुलिया से मिट्टी हटाकर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना प्रस्तावित अनिश्चितकालीन धरना स्थगित कर दिया। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### पेट्रोलियम उत्पादों में मिलावट और अवैध बिक्री रोकने के लिए जांच दल गठित

**देवास।** जिले में पेट्रोलियम उत्पादों (मोटर स्पिरिट और हाई स्पीड डीजल) में मिलावट तथा उसकी अवैध बिक्री की रोकथाम के लिए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जाँच दल का गठन किया है। जांच दल में संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/तहसीलदार, संबंधित अनुभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी, नापतौल निरीक्षक और सेल्स आफिसर आईओसी, एचपीसी, बीपीसी, ईएसएसएआर, रिलायंस को शामिल गया है। यह दल जिले में पेट्रोलियम उत्पादों की शुद्धता सुनिश्चित करने और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए काम करेगा। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिये है कि जाँच दल द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पम्पों की नियमित रूप से जाँच की जाये। जाँच के दौरान किसी भी पेट्रोल पंप पर अनियमितता या मिलावट पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की जाए एवं जांच प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित किया जाएगा।

# कमीशन कटौती से नाराज महिलाओं का प्रदर्शन पीडीएस मशीनें लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उचित मूल्य की दुकानों के संचालन पर मिलने वाले कमीशन में लगातार हो रही कटौती और बकाया भुगतान नहीं मिलने से नाराज जिले के छह ब्लॉकों की स्व-सहायता समूह की महिलाएं गुरुवार को हाथों में पीडीएस मशीनें लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं।



महिलाओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे पीडीएस मशीनें प्रशासन के पास जमा कर राशन दुकानों का संचालन बंद कर देंगी। महिलाओं ने बताया कि शुरुआत में उन्हें निर्धारित दर से कमीशन मिलता था, लेकिन बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के लगातार कटौती की जाने लगी। कटौती की जानकारी भी उन्हें नहीं दी जाती, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के विरोध में वे पीडीएस मशीनें लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं।

महिला प्रतिनिधि पूजा डोरिया ने बताया कि जिले में करीब 450 उचित मूल्य की दुकानों का संचालन स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कमीशन का भुगतान नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है और करीब 75 हजार रुपये की बकाया राशि भी लंबित है। इससे दुकानों का संचालन प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने मांग की कि लंबित कमीशन का तत्काल भुगतान किया जाए तथा भविष्य में कमीशन में की जा रही कटौती पर रोक लगाई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो जिलेभर की उचित मूल्य दुकानों का संचालन बंद कर पीडीएस मशीनें प्रशासन के पास जमा कर दी जाएंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी।

# लायंस क्लब रीजन-7 की ऑफिसर्स मीट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लायंस इंटरनेशनल क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन औसाफ़ क़ुरैशी के नेतृत्व में रीजन-7 के क्लब पदाधिकारियों के लिए स्थानीय होटल रामाश्रय में क्लब ऑफिसर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जय प्रकाश त्रिपाठी के साथ विशेष अतिथि प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम जाट, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. राजेंद्र सोडानी, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेट्री लायन अनिल मोदी, झोन चेयरपर्सन लायन मयंक काबरा सहित अनेक डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में क्लब पदाधिकारियों को संगठन एवं सेवा कार्यों के प्रभावी संचालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन त्रिपाठी द्वारा जहां जरुरत वहां सेवा के अनुरुप कार्य योजनाओ के बारे मे बताया। केबिनेट सचिव लायन अनिल मोदी ने सभी गतिविधियो की रिपोर्टिंग करने के लिए प्रोत्साहित करा।



अतिथियों का स्वागत रीजन सेक्रेट्री लायन मनोज बिंदल एवं रीजन एडवाइजर लायन साफिया कुरैशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन लायन आर.सी. पालीवाल द्वारा एवं आभार प्रदर्शन लायंस क्लब आफ देवास गोल्ड की अध्यक्षा लायन संगीता गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एमजेएफ लायन डॉक्टर के. के. धूत, लायन डॉक्टर प्रकाश गर्ग, लायन प्रमोद गुप्ता, लायन एम. एल. डाबी, लायन भगवान गोयल, लायन दिनेश माहेश्वरी, लायन मांगीलाल अग्रवाल, लायन अशोक जोशी, लायन संजय जोशी, लायन श्रीधर महेश्वरी, लायन सलमा कुरैशी, लायन सुनीता शर्मा, लायन मोनिका राणा, लायन नेहा छाबरिया, लायन तरुणा जाट, लायन शैला जैन, लायन रमा शर्मा, लायन रानी बड़ोदिया उपस्थित थे।

### चंद्रशेखर आजाद जयंती पर खेल प्रतिभाओं का सम्मान, राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

# श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर आजाद के बलिदान को किया नमन






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद स्मृति समिति, देवास द्वारा श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर देवास का नाम रोशन करने वाली खेल प्रतिभाओं का सम्मान कर युवाओं को राष्ट्रसेवा, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का संदेश दिया गया। समिति के संचालक गुरुचरण चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य चंद्रशेखर आजाद के राष्ट्रभक्ति और बलिदान के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना तथा युवाओं को देशहित में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में समिति के संयोजक मनीष पारीक ने चंद्रशेखर आजाद के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। वहीं समिति के संरक्षक दिलीप सिंह जाधव (बाबा) ने राष्ट्रभक्ति, समाजसेवा और युवा शक्ति की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर देवास की तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी तनिष्का राव, श्रुतिका जसोना और आस्था परमार का विशेष सम्मान किया गया। तीनों खिलाड़ी अपने कोच सुशील राव सोनोने के मार्गदर्शन में चीन में आयोजित होने वाली एशियन जंप रोप चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके अलावा राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हनुमान पहलवान का भी सम्मान किया गया।

समारोह में उपस्थित अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारत और देवास का नाम गौरवान्वित करेंगे। कार्यक्रम में भेरूलाल चौधरी, अशोक गायकवाड़, संजय पानसरे, डॉ. जे.एस. यादव, डॉ. बी.एस. जाधव, छन्नू हरोड़े, सिद्धार्थ महूरकर, चंद्रशेखर वाजपेयी, उमेश जोशी, बाड़ा देशमुख, अनिल सिंह बेस, सी.एस. परमार, मोहन ठाकुर, प्रदीप तिवारी, मोहन शिंदे, दिलीप जैन, मुकेश चावड़ा, सुनील ठाकुर, गोविंद प्रजापत, कुशवाहा जी, नागजीराम गांधी, नितेश यादव, मनीष चौहान, घनश्याम चौधरी सहित यशवंत राव व्यायामशाला के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती,जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में मनाई गई। कांग्रेस जनों ने चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा स्थल पर पहूंचकर श्रृद्धासुमन अर्पित किए। वरिष्ठ नेता सुधीर शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए देश की आजादी के आंदोलन में शहीद स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता नजर शेख, जयप्रकाश मालवीय, रोशन रायकवार, वसीम हुसैन, शाजी हाशमी, विशाल यादव, मुरलीधर गुप्ता, अशोक हाड़ा, अविनाश जेठवा,यशवंत कुशवाह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता हारिस गजधर ने किया और आभार जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार ने माना।

खबर संक्षेप

### गुटखा लेने गए युवक पर किया हमला

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र के हर्षपुर स्टैंड पर दुकान से गुटखा खरीदने गए एक युवक के साथ गांव के ही तीन युवकों ने गाली-गलौज, लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम जमालपुर निवासी केशा रैकवार पुत्र स्व. रमेश रैकवार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 जुलाई की शाम करीब 7.30 बजे वह हर्षपुर स्टैंड स्थित बूची राजा की दुकान पर गुटखा लेने गया था। इसी दौरान गांव के ही गनेश रैकवार, गोलू राजा पुत्र भगवान सिंह तथा संस्कार राजा पुत्र बड़े दाऊ वहां पहुंच गए और बिना किसी बात के उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जब उसने गालियां देने का विरोध किया तो तीनों आरोपी आक्रोशित हो गए और लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना के बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। केशा रैकवार ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के डर और दहशत के कारण वह तत्काल थाने में शिकायत दर्ज कराने नहीं पहुंच सका। बाद में हिम्मत जुटाकर उसने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी और कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर तालबेहट पुलिस ने गनेश रैकवार, गोलू राजा और संस्कार राजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सैदपुर फार्मा पार्क की 33 केवी विद्युत लाइन निर्माण में बाधा

**ललितपुर।** सैदपुर फार्मा पार्क तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बनाई जा रही 33 केवी विद्युत लाइन के निर्माण कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता की तहरीर पर महरौनी पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने, धमकी देने और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माध्यमिक कार्यखंड विद्युत वितरण, झांसी में तैनात अवर अभियंता सतीश चन्द ने दर्ज कराई शिकायत में बताया कि जमा योजना के तहत 132 केवी उपकेन्द्र महरौनी से 33/11 केवी उपकेन्द्र सैदपुर फार्मा पार्क तक 33 केवी विद्युत लाइन का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना का करीब 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और केवल छह पोलों पर विद्युत तार खींचने का कार्य शेष है। ग्राम पठा विजयपुरा निवासी विकास विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा और मुन्नी लाल विश्वकर्मा लगातार निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। आरोप है कि जब भी विभाग के कर्मचारी लाइन निर्माण के लिए मौके पर पहुंचते हैं, आरोपी कार्य रुकवा देते हैं, कर्मचारियों के साथ अभद्रता करते हैं तथा मारपीट और जान से मारने की धमकी देकर उन्हें वापस लौटा देते हैं। विद्युत विभाग का यह भी आरोप है कि तीनों आरोपी निर्माण कार्य होने देने के बदले मुफ्त बिजली कनेक्शन की अवैध मांग कर रहे हैं। विभाग द्वारा नियमों के विपरीत कनेक्शन देने से इनकार किए जाने पर वे लाइन निर्माण का कार्य पूरा नहीं होने दे रहे हैं, जिससे महत्वपूर्ण परियोजना प्रभावित हो रही है।

## खेत जाते समय रेलवे पुल के पास हुआ हादसा, ग्रामीणों ने हाईवे पर लगाया जाम

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन चचेरे भाइयों को रौंदा, तीनों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



कोतवाली सदर क्षेत्र के रोड़ा गांव के पास गुरुवार दोपहर हुए एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन चचेरे भाइयों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि तीनों किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगाकर दोषी चालक की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की। रोड़ा गांव निवासी अभिषेक पाल (15) पुत्र ब्रजभान, शनि (12) पुत्र जगभान और अंशू (12) पुत्र रूपलाल गुरुवार दोपहर करीब 2.30 बजे एक ही बाइक से खेत की ओर जा रहे थे। गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर रेलवे पुल के पास स्थित टाटा सर्विस सेंटर के नजदीक पीछे से तेज गति से आए एक अनियंत्रित डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों बच्चे बाइक से उछलकर डंपर के नीचे आ गए। डंपर उन्हें कुचलते हुए आगे निकल गया, जिससे तीनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। तीनों बच्चों के शव सड़क पर पड़े देख पूरे गांव में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली सदर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां उन्हें मोर्चरी में रखवाया गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डंपर चालक की तत्काल गिरफ्तारी तथा मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और कार्रवाई का आश्वासन देकर स्थिति को नियंत्रित किया।

**इनका कहना है**

कोतवाली सदर प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन चचेरे भाइयों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डंपर और उसके चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है तथा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## 125 दिन रोजगार की उठाई मांग

# बिरधा ब्लॉक में मजदूरों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** स्वाभिमानी मजदूर संगठन के नेतृत्व में गुरुवार को बिरधा ब्लॉक परिसर में मजदूरों की विभिन्न समस्याओं एवं वीबी रामजी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। इसके बाद संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के नाम संबोधित ज्ञापन एपीओ (सहायक कार्यक्रम अधिकारी) को सौंपा।

ज्ञापन में संगठन ने मांग की कि वीबी रामजी योजना के अंतर्गत सभी पात्र मजदूरों को वर्ष में 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा मजदूरों को 400 रुपये प्रतिदिन मजदूरी सुनिश्चित की जाए। साथ ही मजदूरों को समय पर काम उपलब्ध कराने और निर्धारित समय सीमा में मजदूरी का भुगतान करने की मांग भी उठाई गई। संगठन ने आरोप लगाया कि जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मजदूरों द्वारा कार्य के लिए आवेदन दिए जाने के बावजूद उन्हें रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है। ज्ञापन में मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करते हुए उनकी सभी लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की भी मांग की गई। स्वाभिमानी मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूरों को रोजगार और उचित मजदूरी मिलना उनका अधिकार है। यदि समयबद्ध तरीके से उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगे भी पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान स्वाभिमानी मजदूर संगठन के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद रहे।

## दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान, 68 क्वार्टर शराब बरामद

**ललितपुर।** जिले में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 68 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद की है। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पहली कार्रवाई बिरधा चौकी क्षेत्र में की गई। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रीछपुरा जाने वाले मार्ग के पुल के पास एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम नाराहट के ग्राम हरपुरा नीमखेड़ा निवासी भगवान सिंह पुत्र घासीराम बताया। तलाशी लेने पर उसके कपड़े के थैले से 23 क्वार्टर रसभरी मार्का देशी शराब बरामद हुई। शराब रखने और परिवहन का कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। दूसरी कार्रवाई नेहरू नगर चौकी पुलिस ने की। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित कौशिक अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महेशपुरा-दावनी मार्ग पर गिरिराज इंटर कॉलेज के आगे दबिश दी। पुलिस वाहन को देखकर कंधे पर गत्ते की पेटी लिए एक व्यक्ति भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम देवगढ़ रोड जुगपुरा निवासी जितेन्द्र यादव पुत्र शीतल प्रसाद यादव बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 45 टेट्रापैक (200 मिली) रसभरी मार्का देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह शराब दावनी स्थित कलारी से खरीदी थी और पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए पैदल अपने जुगपुरा स्थित डिब्बे पर बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहा था।

### बीच-बचाव करने पहुंची विवाहिता से मारपीट

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम कडेसरा कलां (मजरा कतरयाना) में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में बीच-बचाव करने पहुंची एक विवाहिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। उसको लात मारकर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कडेसरा कलां (मजरा कतरयाना) निवासी सुजान सिंह यादव पुत्र इमरत सिंह यादव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 जुलाई 2026 की शाम करीब 7.30 बजे उनके भतीजे निहाल पुत्र शेर सिंह का गांव के ही मलखान उर्फ जयसिंह यादव तथा उसकी मां गुडडी पत्नी रतन यादव से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि दोनों आरोपी निहाल के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। विवाद बढ़ता देख सुजान सिंह की 20 वर्षीय भतीजी नेहा पत्नी नीरज मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास करने लगी। इसी दौरान आरोपी मलखान उर्फ जयसिंह यादव ने नेहा को जोरदार लात मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गई और घायल हो गई। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी मां-बेटे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। तालबेहट पुलिस ने तहरीर के आधार पर मलखान उर्फ जयसिंह यादव एवं गुड्डी पत्नी रतन यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

# दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ता संवाद का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



दिल्ली में शिक्षा, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज के विरोध में सामाजिक संगठन अधिवक्ता संवाद मैदान में उतर आया। संगठन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजकर घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा घायल छात्रों को न्याय दिलाने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। संगठन का कहना है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) एवं 19(1)(बी) प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होकर अपनी बात रखने का अधिकार प्रदान करते हैं। ऐसे में छात्रों पर लाठीचार्ज मानवाधिकारों के साथ-साथ संविधान की मूल भावना के भी विपरीत है। अधिवक्ता संवाद ने राष्ट्रपति से मांग करते हुए कहा कि पूरे घटनाक्रम की किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश अथवा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी से उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। लाठीचार्ज का आदेश देने वाले प्रशासनिक अधिकारियों एवं बल प्रयोग करने वाले पुलिसकर्मियों की पहचान कर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाए। साथ ही घायल छात्रों का निःशुल्क एवं बेहतर उपचार कराया जाए तथा उन्हें उचित आर्थिक मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। संगठन ने यह भी मांग की कि शांतिपूर्ण आंदोलन में शामिल छात्रों के विरुद्ध दर्ज सभी मुकदमों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और भविष्य में किसी भी लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन पर अनावश्यक पुलिस बल प्रयोग रोकने के लिए स्पष्ट एवं सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता संवाद से हरदयाल सिंह लोधी एड., कैलाश नारायण एड., पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., आनंद सिंह एड., महेन्द्र पाराशर एड., अंगद राजपूत एड., शेरसिंह यादव एड., आकाश झां एड., अनुराग सिंह एड., गजराम एड., शशिकान्त सिंह एड., रवीन्द्र प्रताप सिंह एड., रामकुमार एड., हरेन्द्र कुमार झां एड., देवसिंह राजपूत एड., उमाशंकर कुशवाहा एड., अजय सिंह राजपूत एड. समेत अन्य अधिवक्ता एवं संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

# मड़ावरा में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान का ताला तोड़कर चोरी

### पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कस्बा मड़ावरा के व्यस्त सिंघई मार्केट में चोरों ने एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर दुकान से एलसीडी, होम थिएटर और नेकबैंड सहित करीब 10 हजार रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बहादुरपुर निवासी एवं वर्तमान में कस्बा मड़ावरा में रहने वाले आशीष अवस्थी पुत्र बैजनाथ अवस्थी की सिंघई मार्केट में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। रोज की तरह वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। 21 और 22 जुलाई 2026 की दरमियानी रात अज्ञात चोर दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और वहां रखा कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान समेटकर फरार हो गए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे आशीष अवस्थी ने शटर का ताला टूटा देखा तो उनके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो दुकान से एक एलसीडी, एक होम थिएटर और दो नेकबैंड गायब थे। पीड़ित के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत करीब 10 हजार रुपये है। तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 305 के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर

# रायपुर सेक्टर में बूथ गठन को लेकर बसपा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बहुजन समाज पार्टी के संगठनात्मक अभियान के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक-24, रायपुर के बूथ संख्या 277 एवं 278 पर बुधवार को बूथ गठन एवं संगठन विस्तार को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को अधिक मजबूत बनाने, सक्रिय कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि देवेन्द्र मैनवार (विधानसभा प्रभारी) ने कहा कि बसपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता संतोष अहिरवार (विधानसभा अध्यक्ष) ने की। इस दौरान तुलाराम राजपूत (विधानसभा सचिव), प्रदीप (सेक्टर प्रभारी), रमेश (सेक्टर अध्यक्ष), सुरेश (सेक्टर सचिव), इमामी खान (सेक्टर अध्यक्ष) तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता करन पठला ने भी अपने विचार रखे और बूथ गठन की प्रगति की समीक्षा करते हुए संगठनात्मक कार्यों को गति देने पर बल दिया। बैठक में बूथ संख्या 277 एवं 278 के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान को प्रभावी बनाने तथा पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक का समापन संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

### 27 जुलाई को महिला अधिकारों और आत्मनिर्भरता पर मंथन

**बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति ने शुरू की तैयारियां**

**ललितपुर।** महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से बुन्देलखंड महिला विकास सेवा समिति ने 27 जुलाई को महिला सशक्तिकरण विषयक विचार गोष्ठी एवं जागरूकता समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक अध्यक्ष गुलाबबाई सैन की अध्यक्षता में समिति कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में महिला शिक्षा, सामाजिक भागीदारी, आर्थिक आत्मनिर्भरता और कानूनी अधिकारों पर चर्चा हुई। समिति ने कहा कि बदलते समय में महिलाओं को केवल योजनाओं की जानकारी ही नहीं, बल्कि अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति भी जागरूक होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से 27 जुलाई को आयोजित होने वाली विचार गोष्ठी में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों और समाजसेवियों के विचार भी साझा किए जाएंगे। समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सैन ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, विज्ञान, खेल और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। ऐसे में समाज में महिलाओं की भागीदारी और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जाने चाहिए।

## स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

# अधूरे निर्माण छोड़कर गायब हुआ ठेकेदार, लिखित आश्वासन के बावजूद नहीं बनवाया मुख्य प्रवेश द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



विकासखंड जखौरा के राजकीय हाई स्कूल थनवारा में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार की लापरवाही के कारण विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। आरोप है कि ठेकेदार ने निर्माण सामग्री अंदर पहुंचाने के लिए विद्यालय का मुख्य गेट एवं बाउंड्री वॉल का एक हिस्सा तोड़ दिया और कार्य पूर्ण होने के बाद उसे पूर्ववत बनवाने का लिखित आश्वासन दिया था। लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद न तो गेट बनाया गया और न ही क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेखों के अनुसार, 6 नवंबर 2025 को ठेकेदार राजेश ने लिखित पत्र देकर विद्यालय प्रशासन से गेट एवं दीवार हटाने की अनुमति मांगी थी।

पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद गेट और दीवार को पूर्व की स्थिति में पुनः निर्मित करा दिया जाएगा। विद्यालय प्रशासन ने इसी भरोसे पर अनुमति प्रदान कर दी थी। प्रधानाध्यापक का कहना है कि बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य काफी पहले पूरा हो चुका है, लेकिन ठेकेदार अपने वादे से मुकर गया। कई बार फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह फोन रिसीव नहीं कर रहा है और न ही विद्यालय पहुंच रहा है। विद्यालय परिसर का मुख्य गेट और दीवार नहीं होने से सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। स्कूल समय के बाद तथा अवकाश के दिनों में असामाजिक तत्व परिसर में आसानी से प्रवेश कर रहे हैं। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, ऐसे लोग परिसर में गंदगी फैलाने के साथ-साथ विद्यालय में लगाए गए पेड़-पौधों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इससे विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है और छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राजकीय हाई स्कूल थनवारा के प्रधानाध्यापक ने थानाध्यक्ष जखौरा को प्रार्थना पत्र देकर ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा लिखित आश्वासन के अनुरूप विद्यालय का मुख्य गेट और क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल का निर्माण शीघ्र कराए जाने की मांग की है। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो विद्यालय की संपत्ति को और अधिक नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहेगी।

# पुलिस ने सात खोए मोबाइल बरामद कर लौटाई लोगों के चेहरों की मुस्कान

### सीईआईआर पोर्टल की मदद से 1.07 लाख के मोबाइल किए बरामद



**ललितपुर।** जिले की जखौरा पुलिस ने आधुनिक तकनीक और सीईआईआर पोर्टल की मदद से खोए हुए सात मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 1,07,398 रुपये बताई गई है। अपने खोए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस अधीक्षक और जखौरा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की।

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जखौरा पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना जखौरा पर जनसुनवाई एवं विभिन्न पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त खोए हुए मोबाइलों संबंधी प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार गुमशुदगी दर्ज की गई थी। इसके बाद थाना जखौरा पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का परीक्षण करते हुए भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर आवश्यक विवरण अपलोड किए। विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त तकनीकी डेटा एवं डिजिटल विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने सात खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को नियमानुसार सुपुर्द कर दिया। मोबाइल वापस मिलने पर सभी लाभार्थियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल दोबारा मिल जाएगा। उन्होंने पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई तथा जखौरा थाना पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। बरामदगी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैस, उपनिरीक्षक एवं साइबर प्रभारी विवेक धामा, कांस्टेबल देवेन्द्र गौतम तथा कांस्टेबल मुकेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नगर की प्रसिद्ध सब्जी मंडी बनी कचरा घर, सफाई की जगह टैक्स वसूली में लगी मंडी

# सड़े गले फल सब्जियों का मंडी परिसर में लगा ढेर, बदबू से खड़ा होना भी दुश्वार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर**

नगर की प्रसिद्ध सब्जी मंडी जो जिले में अपना एक नाम है इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही है।मंडी परिसर में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सड़े-गले फल और सब्जियां खुले में फेंकी जा रही हैं, जो कचरा कूड़ा के ढ़ेर के रूप में सड़कर बदबू मार रहीं हैं।जिनसे उठ रही तेज बदबू के कारण मंडी में खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों की मानें तो मंडी परिसर में लंबे समय से साफ-सफाई नहीं होने से रोजाना का कचरा यूं ही पड़ा रहता है। मंडी समिति टैक्स वसूली में तो ध्यान दे रही है, वसूली में कोई कसर नहीं छोड़ रही, लेकिन मंडी में सफाई नहीं होने के कारण आ रही बदबू से समिति को कोई लेना देना नहीं है। सिर्फ पैसा वसूलना ही समिति का मकसद रह गया है।



### राजस्थान तक सप्लाई होती है सब्जी

जीरापुर सब्जी मंडी इस अंचल की सबसे बड़ी मंडियों में से एक है। यहां आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूर-दराज के किसान अपनी सब्जियां लेकर पहुंचते हैं। यही नहीं, यहां से थोक में सब्जी राजस्थान तक भेजी जाती है। सैकड़ों किसानों और व्यापारियों सहित मजदूर वर्ग की आजीविका इस मंडी से जुड़ी है।

### जब टैक्स वसूली, तो सफाई क्यो नहीं?

कृषि उपज मंडी समिति द्वारा किसानों और व्यापारियों से नियमित रूप से मंडी टैक्स वसूला जाता है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं दिया जा रहा है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह चैपट है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।लगभग एक माह से अधिक समय से मण्ड़ी परिसर में फल सब्जी की सड़न बदबू से मण्ड़ी परिसर के समीप वार्ड 14 के नजदीकी रहवासी भी परेशानी को झेलने को मजबूर हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में मामला संज्ञान में आया है, कल ही पूरे मंडी परिसर की सफाई करा दी जाएगी।

-हरीप्रसाद वर्मा, सचिव कृषि उपज मंडी जीरापुर।

# तप से ही कर्मों का क्षय संभव, तप करें, जीवन को पावन बनाएं : आचार्य सागरचंद्र सागर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर**

मनुष्य भव दुर्लभ है, हमें मनुष्य भव आहार, काम, क्रोध, मोह, मैथुन, निद्रा के लिए नहीं मिला। मनुष्य भव में हम तप-तपस्या कर अपने जीवन को पापमुक्त बना सकते हैं तथा पूर्व भव व वर्तमान भव में जाने अनजाने में हुए पापकर्म की निर्जरा कर सकते हैं, इसलिए जीवन में तप-तपस्या का महत्व समझें और तप-तपस्या की ओर अग्रसर होवें।

उक्त उद्गार चौधरी कालोनी स्थित रूपचांद आराधना भवन में आयोजित धर्मसभा में आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर सुरिश्वर म.सा. ने कहे। उन्होंने गुरुवार को आयोजित धर्मसभा में कहा कि हम मनुष्य भव में जन्म लेने के पूर्व पशु, तिर्यंच आदि कई जन्म ले चुके हैं। हमारी आत्मा 84 लाख योनी में जन्म लेने के बाद मनुष्य भव को प्राप्त कर सकी है हमें इस मनुष्य भव को केवल सांसारिक मोह, भोग विलास में नष्ट नहीं करना है बल्कि हमें तप-तपस्या कर पूर्व भव में हुये तथा वर्तमान मनुष्य भव में किये गये पापकर्म की निर्जरा करनी है। आपने कहा कि वर्षावास के चार माह तप-तपस्या के लिये उपयुक्त है। आर्यरक्षित जैन तीर्थ में अगस्त माह में सिद्धी तप की तपस्या प्रारंभ होने जा रही है श्रावक श्राविकाये इस तप से जुड़े। प्रभु महावीर ने कई वर्षों तक उपसर्ग (दुख) सहे - आचार्य श्री तीर्थचन्द्र सागर म.सा. ने कहा कि प्रभु महावीर ने केवल ज्ञान प्राप्त करने के पूर्व साढ़े बारह वर्ष तक खूब उपसर्ग (दुख) सहे। वन में रहे, कठिन तप-तपस्या की तब जाकर उन्हें केवल ज्ञान मिला। जो व्यक्ति समता भाव से तप-तपस्या करता है उसके कर्म क्षय होते हैं। इसलिये जीवन में उपसर्ग (दुख) में मत डरो, तप करो और जीवन को पावन बनाओ।

### मन वचन काया को एकाकार कर तप करें

प्रवर्तक पदमयश सागर म.सा. ने कहा कि तप केवल अन्न जल त्यागने का नहीं हो, बल्कि मन वचन काया को एक करके किया जाये। जो भी मनुष्य ऐसा तप करता है वह अपनी मंजिल को पाता है। धर्मसभा के पूर्व मनोज जैन (राकेश इण्डस्ट्रीज) परिवार व पुनमचंदजी दिलीप डांगी परिवार के द्वारा नवकारसी का भी आयोजन हुआ। प्रभावना भी डांगी परिवार द्वारा वितरित की गयी। शुक्रवार को प्रातः 9 से 10 बजे तक आचार्य श्री के प्रवचन पद्मावति रिसोर्ट में होंगे।

चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत युवा मोर्चा ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल**



चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती पर भारतीय जनता युवा मोर्चा, शाजापुर द्वारा कालापीपल के शहीद पार्क (मुक्तिधाम) में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्रसेवा और बलिदान को नमन किया गया। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पंडित चंद्रशेखर आजाद का संपूर्ण जीवन मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए समर्पित रहा। उनका अदम्य साहस, स्वाभिमान और देशभक्ति आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री कृपाल मेवाड़ा, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री जुझार सिंह राजपूत, नगर परिषद कालापीपल अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, हुकम सिंह देशप्रेमी, चंद्रशेखर परमार, एल्डरमैन केदार आस्थाया, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वैभव गर्ग सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद के आदर्शों पर चलने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं यूसीसी सुझाव अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

# लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही स्वीकार नहींः गढ़पाले

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने सीएम हेल्पलाइन एवं समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सुझाव अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए लंबित प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान संतोषजनक प्रगति न होने तथा डी ग्रेड प्राप्त करने पर मत्स्य कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग तथा परिवहन विभाग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग की समीक्षा में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर ब्यावरा एवं नरसिंहगढ़ के उप संभागीय पशु चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए एक दिवस का वेतन काटने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार जनपद पंचायत खिलचीपुर द्वारा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को गलत तरीके से योजना विभाग को स्थानांतरित किए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में प्राप्त सुझावों की भी समीक्षा की गई। डॉ. गढ़पाले ने निर्देश दिए कि यूसीसी सुझाव अभियान में महिलाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, आईटीआई, उच्च शिक्षा विभाग तथा जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से अधिक से अधिक सुझाव प्राप्त करने पर जोर देते हुए कहा कि युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। संबंधित विभागों को शिक्षण संस्थानों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों को सुझाव पोर्टल पर अपने विचार दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने नगरीय क्षेत्रों के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों से यूसीसी संबंधी सुझाव एवं फीडबैक दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

## फॉस्टर केयर हेतु इच्छुक और पात्र परिवार से आवेदन आमंत्रित

**मंदसौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी ने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत ऐसे बच्चे जिन्हें पारिवारिक संरक्षण एवं स्नेहपूर्ण वातावरण की आवश्यकता है। फॉस्टर केयर के माध्यम से परिवार आधारित देखभाल उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक, संवेदनशील एवं पात्र परिवारों, व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो किसी बच्चे के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य के लिए अस्थायी रूप से पारिवारिक वातावरण प्रदान करने के इच्छुक हो। फॉस्टर केयर अंतर्गत बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार चयनित बच्चों को पात्र फॉस्टर परिवार में रखा जाएगा। बच्चों के पालन-पोषण एवं देखभाल के लिए मिशन बात्सल्य योजना अंतर्गत प्रति बच्चा 4,000 प्रतिमाह की सहायता राशि बच्चे के आधार से लिंक बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। फॉस्टर केयर हेतु पात्र बच्चों की श्रेणी में अनाथ बच्चे, परित्यक्त बच्चे, सरेंडर किए गए बच्चे, बाल श्रम से मुक्त बच्चे, बाल विवाह से मुक्त बच्चे, घरेलू हिंसा अथवा शोषण से प्रभावित बच्चे, भिक्षावृत्ति से मुक्त बच्चे एवं अन्य ऐसे बच्चे जिन्हें सुरक्षित पारिवारिक वातावरण की आवश्यकता हो। आवेदन करने इच्छुक परिवार निकटतम परियोजना कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, मंदसौर में संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं।

सावन मेले की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# मेले की सुरक्षा, ट्रैफिक, पार्किंग व यातायात पर चर्चा की



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़**

आगामी त्यौहार और सावन सोमवार मेले को लेकर मंगलवार शाम थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु यातायात, पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य विषयो पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मेले के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग स्थल एवं पार्किंग शुल्क, सुरक्षा व्यवस्था तथा मेले का संचालन रात्रि 11 बजे तक किए जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रशासन ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की। बैठक में तहसीलदार अनाग्रिका कनोझिया, थाना प्रभारी गुंजा राजदार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मंजुलता शिवहरे, दीपेंद्र दास सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बिगड़ी यातायात व्यवस्था का उठा मुद्दा-

बैठक में शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। नागरिकों ने शहर के मुख्य मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और जाम की समस्या से अवगत कराया। इस पर थाना प्रभारी ने नगर पालिका के साथ समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। साथ ही नागरिकों से भी यातायात नियमों का पालन करने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

स्विमिंग चैंपियनशिपः स्पर्धाओं में तैराकों का दमदार प्रदर्शन

# इकम सिंह ने 200 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य जीता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**



स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल परिसर स्थित स्विमिंग पूल में आयोजित सीबीएसई वेस्ट ज़ोन स्विमिंग चैंपियनशिप (बॉयज़) 2026-27 में विभिन्न राज्यों से आए तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई रोमांचक मुकाबले खेले। अलग-अलग आयु वर्गों की स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट समय दर्ज कर पदक अपने नाम किए।

50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में सेज इंटरनेशनल स्कूल भोपाल के अर्थ जैन ने 31.64 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 वर्ग में सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जयपुर के रुद्र प्रताप सिंह रावत पहले स्थान पर रहे, जबकि बिलाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल जबलपुर के तनिष्क झरिया ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

100 मीटर बैक स्ट्रोक में श्री सत्य साईं विद्या विहार इंदौर के कनिष्क सुरेका विजेता बने। वहीं तनिष्क झरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 50 मीटर बटरफ्लाई में सेंट जेवियर्स जयपुर के शौर्यवीर सिंह रावत ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-11 वर्ग में मयूर स्कूल अजमेर के सैयद आतिफ चिश्ती विजेता रहे। 200 मीटर फ्री स्टाइल में द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल के हर्मिश नेगी ने स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में विदिशा के ओलंपस हाई स्कूल, धतुरिया-सागर रोड के इकम सिंह अडक ने 2:24.20 मिनट का समय निकालते हुए कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। अंडर-19 वर्ग में द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल के श्लोक गुरेजा विजेता रहे।

